सांसदों ने श्री जी.एम.सी.बालयोगी को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर 2022: संसद सदस्यों ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री जी.एम.सी. बालयोगी की जयंती पर आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री बालयोगी बारहवीं लोक सभा के अध्यक्ष थे और उन्हें तेरहवीं लोक सभा का भी पुनः अध्यक्ष चुना गया। वे दसवीं लोकसभा के सदस्य भी थे। इससे पहले, वह आंध्र प्रदेश विधानसभा के सदस्य और आंध्र प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री थे।

श्री बालयोगी का 3 मार्च, 2002 को आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।